हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 27 जून, 2025

तापमान
अधिकतम 38.4 डिग्री
न्यूनतम 22.1 डिग्री

शराब के 9 ठेकों की अलॉटमेंट के लिए ठेकेदारों को किया प्रोत्साहित 14



जूनियर नेशनल बॉक्सिंग में हरनूर ने जीता गोल्ड मेडल 14



## खबर संक्षेप

### इग्नू ने शुरू किया बीए होम साइंस पाठ्यक्रम

**करनाल।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने जुलाई 2025 से 12वीं पास छात्रों के लिए बीए होम साइंस कोर्स शुरू किया है। यह पाठ्यक्रम ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग मोड में उपलब्ध होगा और नई शिक्षा नीति 2020 पर आधारित है। इस कोर्स में छात्र न्यूट्रिशन, ह्यूमन डेवलपमेंट, फैब्रिक साइंस आदि विषयों का अध्ययन करेंगे। कोर्स की वार्षिक फीस 5000 रुपये है और इसमें एग्जिट ऑप्शन भी उपलब्ध हैं, जिससे छात्र पहले, दूसरे या तीसरे वर्ष के बाद प्रमाण पत्र या डिप्लोमा प्राप्त कर सकते हैं।

### गुरुद्वारा पाक के लिए मांगे 20 अगस्त तक आवेदन

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि श्री गुरु नानक देव जी की जयंती के अवसर पर पाकिस्तान स्थित गुरुद्वारों में दर्शन हेतु इच्छुक श्रद्धालु 20 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन उपायुक्त कार्यालय में जमा करवाकर सत्यापन प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

### दुकान में मारपीट करने के चार आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** थाना मतलौडा पुलिस ने मिष्ठान भंडार की दुकान में घुसकर संचालक को चोट मारने के मामले में और चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान सोनीपत के कासंडा गांव निवासी अमन, सैयद खेडा गांव निवासी रौनक व मोहित व नूरन खेडा निवासी युगल के रूप में हुई है। आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

### युवक के खाते से 2.31 लाख रुपये निकाले

**पानीपत।** शहर की एक कॉलोनी में रहने वाले युवक के साथ साइबर फ्रॉड हो गया। युवक के खाते से 2 लाख 31 हजार रुपए डेबिट हो गए। युवक अपनी मां के इलाज के लिए पैसा इकट्ठा कर रहा था। युवक ने न ही कोई ओटीपी शेयर किया और न ही किसी लिंक पर क्लिक किया। उसके पास कोई कॉल भी नहीं आई। तब भी उसका खाता खाली हो गया। मामले की शिकायत दर्ज करवा दी गई है।

### बाइक की टक्कर लगने से व्यक्ति की मौत

**यमुनानगर।** गांव सारण निवासी नितिन ने बताया कि उसका पिता सोहन लाल गांव भगवानपुर की तरफ किसी काम से गया था। इस दौरान तेज गति से बाइक लेकर आ रहे प्रिंस ने उसके पिता को टक्कर मार दी। पिता को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

### ट्रक की टक्कर से कार सवार युवक की मौत

**यमुनानगर।** ईस्ट भाटिया नगर निवासी महक रानी ने बताया कि वह गगन शर्मा के साथ कार में जा रही थी। छछरौली के पास ट्रक ने उनकी कार को टक्कर मार दी। जिससे वह दोनों घायल हो गए। हादसे के बाद आरोपी ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।

## यमुनानगर के लोगों की शिकायत पर नगर निगम ने दिया था स्कूल को नोटिस

# रिहायशी क्षेत्र में था स्कूल का गेट अदालत के आदेश पर किया सील

### ड्यूटी मजिस्ट्रेट सूरज भान के नेतृत्व में कार्रवाई

- प्रतिष्ठित निजी स्कूल के अंदर और बाहर के गेटों को किया गया सील

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर**

शहर के एक प्रतिष्ठित निजी स्कूल के पिछले गेट को वीरवार को नगर निगम ने सील कर दिया। कोर्ट के आदेशों पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट सहायक जिला गन्ना अधिकारी सूरज भान के नेतृत्व में नगर निगम की टीम ने शहर थाना पुलिस की मौजूदगी में यह कार्रवाई की गई। स्कूल का पिछला गेट सरोजनी कॉलोनी में रिहायशी क्षेत्र में एक मकान की तरफ लगाया हुआ है। जिसके चलते कॉलोनी के लोगों ने इसकी शिकायत नगर निगम में दी थी। बाद में मामला कोर्ट में चला गया था। अब कोर्ट के आदेशों पर निगम ने स्कूल के इस गेट को अंदर व बाहर दोनों तरफ से सील कर दिया। निगम आयुक्त अखिल पिलानी ने बताया कि कुछ साल पहले सरोजनी कॉलोनी के लोगों ने शिकायत दर्ज कराई थी कि शहर के निजी स्कूल का पिछला गेट रिहायशी क्षेत्र में है। जोकि गलत है। निगम द्वारा स्कूल को नोटिस जारी कर गेट बंद करने के आदेश दिए थे। जिसके बाद मामला कोर्ट में चला गया। कोर्ट द्वारा 10 अगस्त 2023 को स्कूल को गेट बंद करने के आदेश दिए थे। लेकिन फिर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस संबंध में नगर निगम द्वारा भी स्कूल को नोटिस जारी कर चेतावनी दी गई। अब अदालत द्वारा स्कूल के गेट को सील करने के आदेश दिए गए। कोर्ट के आदेशों पर गेट को सील करने के लिए सहायक जिला गन्ना अधिकारी सूरज भान को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट सूरज भान के नेतृत्व में टीम बनाई गई। जिसमें नगर निगम के सहायक नगर योजनाकार दीपक सुखीजा, जेई हरिंद्र कुमार, यमुनानगर शहर थाना पुलिस के एसआई नरेंद्र, एएसआई शिमला व अन्य को शामिल किया गया। टीम वीरवार दोपहर स्कूल पहुंची। निगम द्वारा पहले स्कूल के गेट को बाहर की तरफ से सील किया। इसके बाद अंदर की तरफ ताला लगाकर सील लगाई गई।



यमुनानगर। निजी स्कूल के गेट को सील लगाते निगम अधिकारी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### स्कूल प्रबंधन को निर्देश

स्कूल प्रबंधन को निर्देश दिए कि यदि गेट पर लगाई गई सील को तोड़ने का प्रयास किया गया तो कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। नगर निगम आयुक्त अखिल पिलानी ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में कहीं भी अवैध निर्माण व कार्य होने नहीं दिया जाएगा। यदि कहीं भी कोई अवैध निर्माण कार्य करता है तो आमजन इसकी सूचना नगर निगम में दें। तुरंत निगम द्वारा विभागीय कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# केंद्रीय मंत्री बघेल ने किए सरस्वती नदी के दर्शन



- सरस्वती नदी हमारी जड़ों को हमसे जोड़ती है : बघेल
- उप-चेयरमैन धुमन सिंह किरमच की टीम के कार्यों को सराहा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र**

केन्द्रीय राज्यमंत्री एसपी बघेल ने कहा कि सरस्वती नदी हमारी जड़ों को हमसे जोड़ती है और इस पवित्र कार्य पर सरस्वती बोर्ड लगा है। सरस्वती नदी मृत प्राय थी, लेकिन अब 400 किलोमीटर में पानी बह रहा है। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए गौरव की बात है कि सरस्वती बोर्ड निरंतर इस तरह के कार्य कर रहा है, जिससे सरस्वती रिवाइव हो। केन्द्रीय राज्यमंत्री एसपी बघेल ने झांसा रोड स्थित सरस्वती नदी के घाट पर पहुंचकर सरस्वती नदी के दर्शन किए।

उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सैनी सरकार व पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल को सरस्वती नदी को रिवाइव करने के लिए बधाई दी। साथ ही उप-चेयरमैन धुमन सिंह किरमच की टीम के कार्यों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में त्रिवेणी के रूप में सरस्वती गंगा यमुना का संगम हमारे प्रयागराज में होता है और यह मेरा सौभाग्य है कि मैंने तीनों नदियों का साक्षात दर्शन किया। मैं सरस्वती नदी पर आकर अपने आपको धन्य महसूस कर रहा हूं। सरस्वती नदी आदिकाल से ही बहती रही है और हरियाणा सरकार के प्रयासों से फिर से इतना पानी सरस्वती में बह रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा इस तरह के प्राचीन काल की हमारी सभ्यता को उजागर करने में लगी है। उत्तराखंड, हिमाचल, आदिबद्री से लेकर हरियाणा व राजस्थान गुजरात तक का जो सरस्वती बोर्ड का प्लान है उस पर काम किया जा रहा है। हमें सभी नदियों के इस तरह के बोर्ड बनाने चाहिए, ताकि नदियों को एक दिशा मिल सके और इनके कार्यों पर तेजी आ सके।

# आर्थिक रूप से कमजोर 11 बेटियों को मिलेगा पर्वतारोहण प्रशिक्षण

- एमअएम फाउंडेशन ने एक ऐतिहासिक पहल की : सैनी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्षों की प्रेरणादायक सेवा के उपलक्ष्य में एमअएम फाउंडेशन ने एक ऐतिहासिक पहल की है।

फाउंडेशन ने हरियाणा की आर्थिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि से आने वाली 11 बेटियों को निःशुल्क पर्वतारोहण प्रशिक्षण का अवसर देकर उनके सपनों को पंख दिए हैं। उन्होंने कहा कि इन बालिकाओं का चयन 200 से अधिक आवेदनों में से किया गया। यह सभी प्रतिभाशाली बेटियां अब अटल बिहारी वाजपेयी इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग एंड एलाइड स्पोर्ट्स, मनाली में 1 जुलाई से 26 जुलाई 2025 तक चलने वाले 26 दिवसीय बेसिक माउंटेनियरिंग कोर्स में भाग लेंगी।



### सीएम ने किया सम्मानित

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र से इन बेटियों को फ्लैग ऑफ कर उनके हौसले को सलाम किया और उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर एमअएम फाउंडेशन के अध्यक्ष ऐश्वर्य महाजन, फाउंडेशन की चेयरपर्सन डॉ. पायल कनोडिया, मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी, भाजपा नेता सुभाष कलसाना भी उपस्थित रहीं। उन्होंने कहा कि इस विशेष कार्यक्रम को नींव से शिखर तक नाम दिया गया है। इसका उद्देश्य है कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की लड़कियों को पर्वतारोहण जैसी चुनौतीपूर्ण विधा में प्रशिक्षित कर उन्हें आत्मनिर्भर, सशक्त और प्रेरणास्रोत बनाना। यह कार्यक्रम एमअएम फाउंडेशन द्वारा हर दो साल में चार बैचों के माध्यम से आयोजित किया जाएगा, और उनमें से 5 चयनित बेटियों को माउंट एवरेस्ट ट्रैकिंग का सुनहरा अवसर भी प्रदान किया जाएगा।

### गैस गोदाम के स्टोर कीपर ने लगाया फंदा

**अंबाला।** अंबाला शहर के मनमोहन नगर स्थित मोहित गैस एजेंसी के स्टोर कीपर ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान 46 वर्षीय सतनाम सिंह के रूप में हुई है। सतनाम ने गोदाम में वीरवार सुबह 11 बजे एक पेड़ पर रस्सी से फंदा लगा लिया था। गोदाम में काम करने वाले कर्मचारी ने देखा तो चीख पुकार मच गई। इसके बाद कर्मचारियों ने ही सतनाम को फंदे से नीचे उतारा। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची। अस्पताल लाने पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। शाम चार बजे मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया। अभी तक सतनाम के आत्महत्या किए जाने की वजह का खुलासा नहीं हो पाया है। इस सिलसिले में पुलिस जांच की बात कह रही है।

# पंचायती भूमि से कब्जा न हटाए जाने पर सरपंच ने दी आत्मदाह की धमकी

- 2 जुलाई तक कब्जा न हटा तो सरेआम आग लगाकर कर लूंगी आत्महत्या : नेहा शर्मा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणगढ़**

गांव माजरा की महिला सरपंच नेहा शर्मा ने प्रशासन को आत्मदाह की धमकी दी है। इसके लिए उन्होंने 2 जुलाई तक का अल्टीमेटम दिया है। मामला पंचायती जमीन से अवैध कब्जा हटाए जाने का है। उसका आरोप है कि मौके पर आने के बावजूद प्रशासन की ओर से कब्जा नहीं हटाया गया।

इसकी वजह से पंचायत का अपमान हुआ है। अब एसडीएम ने मामले में जरुरी कार्रवाई की बात कही है। सरपंच नेहा शर्मा ने बताया कि ड्यूटी मजिस्ट्रेट और पुलिस प्रशासन गांव में पंचायती जमीन से अवैध कब्जा हटाने आए थे। लेकिन कोई कार्रवाई किए बिना ही वापस लौट गए। इस घटना से आहत होकर उन्होंने यह कदम उठाने का फैसला किया है। सरपंच ने अपने हलफनामे में कहा है कि अगर प्रशासन ने समय रहते उचित कार्रवाई नहीं की तो वह 2 जुलाई को आत्मदाह कर लेंगी। इस गंभीर धमकी को देखते हुए प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है। सरपंच ने कहा कि वह कार्रवाई न होने पर बीच बाजार में आत्मदाह करेगी।



सरपंच नेहा शर्मा।

### पंचायत का अपमान

सरपंच नेहा शर्मा ने बताया कि 24 जून 2025 को पंचायती जमीन से कब्जा हटाए जाने के लि ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया। पुलिस बल उपलब्ध करवाया, इसके बाद मौके पर पहुंचे ड्यूटी मजिस्ट्रेट और पुलिस प्रशासन पहुंचे और दुकान खाली कराए बगैर ही वापस लौट गए। इसकी वजह से पंचायत का अपमान हुआ है।

# नहर की पटरी पर मिला शव, हत्या की आशंका

- मृतक युवक के सिर में चोट और मौके पर मिले खून के निशान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंद्री**

इंद्री के पास से गुजर रही पश्चिमी यमुना नहर की पटरी पर गांव धमनहेरी के पास करीब 30 वर्षीय अज्ञात युवक का शव पड़ा मिला।

मौके पर पड़े खून व युवक के सिर में लगी चोट के कारण युवक की हत्या की आशंका जताई जा रही है। राहगीरों ने जैसे ही नहर की पटरी के पास शव पडा देखा तो तुरंत घटना की सूचना डायल 112 व इंद्री पुलिस को दी। सूचना मिलते ही डायल 112 व इंद्री थाना प्रभारी विपिन कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घटना की जांच शुरू कर दी। इंद्री के डीएसपी सतीश गौतम भी मौके पर पहुंचे। एफएसएल की टीम बुलाकर साक्ष्य जुटाने के बाद शव को कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज के शवगृह में भेज कर जांच शुरू कर दी है। डीएसपी सतीश गौतम व थाना प्रभारी विपिन कुमार ने बताया कि युवक की उम्र करीब 30 वर्ष लग रही है।



इंद्री। धमनहेरी के पास मिले शव मामले की जांच करती पुलिस व एफएसएल टीम

### शिनाख्त के प्रयास

युवक की दाहिनी बाजू पर हिंदी में हरदीप व अंग्रेजी में एचएस लिखा है। युवक के सिर पर चोट के निशान है जिस कारण युवक की हत्या की आशंका जताई जा रही है। शव को कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज के शवगृह भेज कर मृतक युवक की शिनाख्त करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# मनान की सरपंच पर लटकी सस्पेंशन की तलवार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत**

क्षेत्र के गांव मनाना की महिला सरपंच रेखा देवी पर लगे भष्ट्राचार के आरोपों की जांच तेज हो गई है। महिला सरपंच को सस्पेंड करने की मांग पर आज सरपंच का पक्ष रखने के लिए डीसी कार्यालय बुलाया गया। उनका पक्ष सुनने के बाद डीसी ने एक आदेश जारी किए। जिनमें कहा गया है कि खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी समालखा के पत्र अनुसार ग्राम पंचायत के स्टाक रजिस्टर के पेज पर दर्ज विवरण अनुसार कई सामान बिना बोली करवाए खुर्द.बुर्द करने के कारण ग्राम सरपंच मनाना को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। इसके बाद आज 26 जून को सरपंच को निजी सुनवाई का अवसर दिया गया था। निजी सुनवाई के दौरान डीसी द्वारा दिए गए आदेशों की पालना में 2 जुलाई की सुबह 11 बजे गांव मनाना में शिकायत के संबंध में मौका निरीक्षण किया जाना है। इसलिए तय तिथि और समय पर ग्राम पंचायत मनाना के पंचायत घर में हाजिर आना सुनिश्चित करें।

### नियमों के विरुद्ध जाकर पंचायती सामान की बोली करने का आरोप

बीडीपीओ ने अपनी जांच रिपोर्ट में कहा है कि गांव के ही रहने वाले संदीप राठी ने इस गबन की शिकायत की थी। जिसमें लिखा गया था कि कृषि योग्य भूमि पर स्थित ट्यूबवैल व अन्य छोटे समरसीबल की मोटरें, लोहें की पाइप, स्टार्टर, तारें, लोहे के जाल आदि बदलवाकर नए लगाए गए। नियमानुसार पुराना स्टॉक में दर्ज किया जाता है। सरपंच रेखा ने 18 अगस्त 2023 को सामान की बोली सुनिश्चत की। लेकिन अपने चहेतों को बिना किसी बोली के सामान बेच दिया। इस शिकायत के आधार पर जांच कमेटी गठित की गई थी। जिसकी जांच में मामला सही पाया गया था। जांच रिर्पोट डीसी को सौंप दी गई थी।

## शिक्षा विभाग ने छात्रों को मिलने वाले भेजन को लेकर दिए निर्देश

# मिड डे मील की अब हर महीने होगी लैब में जांच

- साल में दो बार चिकित्सक करेंगे छात्रों की सेहत की जांच

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा**

शिक्षा विभाग की ओर से सूबे के सरकारी स्कूलों में संचालित मिड डे मील योजना को लेकर नए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

विभाग की ओर से प्रदेश के सभी जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को पत्र लिखा कर विद्यालयों में पोषण, स्वास्थ्य, स्वच्छता और सामुदायिक भागीदारी को प्रोत्साहित करने पर बल दिया गया है। विभागीय पत्र में दिए गए दिशा-निर्देशों में सभी स्कूलों में न्यूट्रिशन गार्डन को स्थापित करने, स्कूली बच्चों की साल में दो बार स्वास्थ्य जांच किए जाने व एल्बेंनडाजोल की गोलियां का वितरण करने जैसे अन्य कई प्रकार के कार्य किए जाने के बारे में कहा गया है। विभाग की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि फरवरी व सितंबर महीने में सभी विद्यार्थियों को कृमिनाशक गोलियां वितरित की जाएंगी। साथ ही वर्ष में दो बार छात्रों की लंबाई और वजन मापने के निर्देश दिए गए हैं। जिन विद्यार्थियों का बीएमआई कम है, उन्हें प्रोटीन युक्त अतिरिक्त भोजन देने को कहा गया है। स्कूलों में बनने वाले मिड डे मील का मास में एक बार भारत सरकार द्वारा अनुमोदित प्रयोगशाला से परीक्षण करवाना अनिवार्य किया गया है। विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं समुदाय को जोड़ते हुए तिथि भोजन जैसे कार्यक्रम विशेष अवसरों, जन्मदिनों, राष्ट्रीय पर्वों व त्योहारों को मनाए जाएं। इस दिन विशेष पकवान बनाने व अभिभावकों से स्वैच्छिक सहयोग लेने को कहा गया है। बच्चों को भोजन परोसने से पूर्व एसएमसी सदस्यों, अभिभावकों और संरक्षकों द्वारा भोजन का स्वाद चखने को कहा गया है तथा उसका रिकॉर्ड रजिस्टर में दर्ज किया जाना है। हर वर्ष राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान स्कूल स्तर पर कुकिंग प्रतियोगिताएं का आयोजन किया जाएगा जिसमें कुक एवं हेल्पर भाग लेंगे। मिड डे मील योजना के तहत स्कूलों में स्वच्छता को बढ़ावा देने हेतु नुक्कड़ नाटक, कला एवं पोस्टर मेकिंग जैसी गतिविधियां करवाने को कहा गया है।

### साल में दो बार करवानी होगी जांच

पत्र में कहा गया है कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत सभी विद्यार्थियों की वर्ष में दो बार डॉक्टरों की टीम द्वारा स्वास्थ्य जांच की जानी है। साथ ही सप्ताह में एक दिन आयरन व फोलिक एसिड की गोलियां वितरित करनी होंगी। इसके अतिरिक्त स्कूलों को अपने परिसर में स्कूल न्यूट्रिशन गार्डन स्थापित करने के बारे में कहा गया है। स्थान की कमी होने पर भवन की छत पर गमलों या पॉलीबैग में सब्जियां उगाई जाएं। इस प्रक्रिया में विद्यार्थियों को भी शामिल किया जाए ताकि उन्हें ताजा एवं पौष्टिक भोजन मिल सके।

### निर्देशों की अनुपालना होगी

शिक्षा विभाग की ओर से जारी मिड डे मील योजना का पत्र मिल चुका है। इसे सभी बीईओ को भेजकर दिए गए निर्देशों की अनुपालना करने को कहा गया है।
- **सुधीर कालड़ा**, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी।

### छेड़छाड़ मामले में होटल मालिक को जमानत

**अंबाला।** आम्रपाली रिसॉर्ट के मालिक को छेड़छाड़ के मामले में जमानत मिल गई है। पुलिस ने होटल मालिक को 19 जून को एक महिला कर्मचारी की शिकायत पर गिरफ्तार किया था। महिला ने आरोप लगाया था कि होटल मालिक ने उसे केबिन में बुलाकर हाथ पकड़ा, गले लगने को कहा और बाहर घूमने का प्रस्ताव रखा। अपने फैसले में अदालत ने कहा कि आरोपी 19 जून से हिरासत में है। उसके खिलाफ जांच पूरी हो चुकी है। ऐसे में आरोपी को और अधिक हिरासत में रखने से कोई उद्देश्य पूरा नहीं होगा।

वकील ने कोर्ट को बताया कि 9 जून 2025 से 14 जून 2025 तक महिला अपनी ड्यूटी पर नहीं आई और जब उसने अपना वेतन मांगा तो रिसॉर्ट के मालिक ने उसकी ड्यूटी से लंबी अनुपस्थिति के बारे में ऐतराज जताया।

# पंजौला में किसान के घर पर एनआईए ने की रेड

- पांच घंटे तक ली तलाशी, बैंक खाते व कॉल डिटेल की जांच
- आरोपी के खाते में ट्रांसफर हुई राशि की जांच का मामला

**हरिभूमि न्यूज. अंबाला**

नन्यौला रोड स्थित पंजौला गांव में वीरवार एनआईए की टीम ने किसान वीरेंद्र सिंह के घर रेड की। सुबह 4 से 9 बजे तक जांच टीम ने पूरे घर को खंगाला। किसान के बैंक खाते व मोबाइल फोन की कॉल डिटेल को भी जांचा।

इस रेड के बाद पूरे गांव में हड़कंप मच गई। सूचना पाकर नन्यौला चौकी पुलिस भी मौके पर पहुंची। रेड के बाद जांच टीम वापस लौट गई। नन्यौला चौकी प्रभारी एएसआई हरजिंद्र सिंह ने बताया कि टीम एक आरोपी के खाते में ट्रांसफर हुई राशि की जांच करने के लिए आई थी। किसान के एक विदेश में बैठे दोस्त से भी फोन पर राशि के बारे में पूछताछ की गई। किसान विरेंद्र सिंह की कॉल हिस्ट्री आने के कारण टीम ने पूछताछ की थी। अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि जांच टीम कोई दस्तावेज भी अपने संग लेकर गई है कि नहीं। किसान विरेंद्र सिंह खेतीबाड़ी करता है। गांव में किराये पर ट्रैक्टर-ट्रॉली चलाने का भी काम करता है। फिलहाल ग्रामीण किसान को शक की नजर से देख रहे हैं। हालांकि अभी तक किसान ने मीडिया को कोई सफाई नहीं दी।

खबर संक्षेप



## 9 जुलाई की हड़ताल को लेकर शुरू की तैयारियां

**करनाल।** ब्लॉक की एक अहम बैठक सीटू कार्यालय में आयोजित की गई, जिसमें 9 जुलाई को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता रूपा सैनी ने की, जबकि संचालन जिला प्रधान नीरू ने किया। इस बैठक में सीटू जिला प्रधान सतपाल सैनी, जगपाल राणा, ओपी माटा सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने बताया कि आशा वर्कर्स एंड फैसिलिटेटर फेडरेशन ऑफ इंडिया के आह्वान पर देशभर की आशा वर्कर्स 9 जुलाई को हड़ताल करेंगी।

## श्रीराम कथा में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**करनाल।** श्री सनातन धर्म मंदिर कुंजपुरा रोड पर पांच दिवसीय श्री राम कथा का आयोजन श्रद्धाभाव से जारी है। कथा वाचिका कनिष्का भारती ने भगवान श्रीराम के जन्म और उनके जीवन के आदर्शों पर सुंदर व्याख्यान प्रस्तुत किया। कथा में उन्होंने कहा कि भगवान राम का जन्म केवल अयोध्या के लिए नहीं, बल्कि पूरे संसार के लिए धर्म और मर्यादा की स्थापना का प्रतीक है। त्रेतायुग में रावण जैसे असुरों के अत्याचार जब चरम पर थे, तब श्रीराम ने धर्म की विजय और मानवता के आदर्शों की पुनःस्थापना की।

## 230 किशोरों के लिए विशेष शिविर लगाया गया

**करनाल।** हरिभूमि न्यूज करनाल। अंतर्राष्ट्रीय नशा एवं मादक पदार्थ निषेध दिवस के उपलक्ष्य में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, करनाल की ओर से 24 से 30 जून तक जागरूकता शिविरों की श्रृंखला चलाई जा रही है। इस कड़ी में पीएचसी जमालपुर में पंचायत सदस्यों व स्टाफ के लिए वर्कशॉप का आयोजन हुआ, जिसमें डॉ. हर्षवर, डॉ. दिशा वशिष्ठ और डॉ. विनोद ने भाग लिया। उन्होंने नशे के स्वास्थ्य पर प्रभाव, सरकारी योजनाएं, और मुफ्त इलाज संबंधी जानकारी साझा की। वहीं, प्लेस ऑफ सेफ्टी में रह रहे 230 किशोरों के लिए विशेष शिविर लगाया गया, जिसमें सिविल अस्पताल से आई टीम द्वारा एचआईवी जांच की गई।

## ईवीएम मशीनों के स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

**करनाल।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार वीरवार को उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने करनाल की स्थानीय अनाज मंडी स्थित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। यह स्ट्रांग रूम आगामी चुनावों के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और वोटर वेरिफाएबल पेपर ऑडिट ट्रेल मशीनों को सुरक्षित रखने के लिए तैयार किया गया है। निरीक्षण के दौरान सीटीएम मोनिका, नोडल अधिकारी परमिंद्र सैनी, कानूनगो अमित कुमार और विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। उपायुक्त ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए बताया कि स्ट्रांग रूम की निगरानी सीसीटीवी कैमरों द्वारा 24 घंटे की जाती है। लॉगबुक में हर आवागमन को रिकॉर्ड किया जाता है, और इसके संचालन की जिम्मेदारी जिला चुनाव अधिकारी की निगरानी में रहती है।

# आज भी रूह कांप जाती है काले दिनों को याद करके: गुलाटी

## संविधान के असली रक्षक तो एक लाख स्वयंसेवक थे जिहोंने संविधान की रक्षा कें लिए बलिदान दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल में एक परिवार ऐसा भी हैं जिसके 11 सदस्यों ने आपात काल के दौरान गिरफ्तारियां दीं। इस परिवार की एक महिला सदस्य को दि ल्ली में सम्मानित करते हुए केंद्रीय ग्रह मंत्री अमित शाह ने चरण स्पर्ष कर उनसे आशीर्वाद लिया। इस परिवार के बच्चों को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। यह बच्चे तीन साल से कम थे। यह परिवार हैं प्रवीण गुलाटी का परिवार। प्रवीण गुलाटी अब राधा स्वामी सत्संग के तहत व्यास में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उनके जहन में आज भी उस दौर की काली यादें बसी हुई हैं। उनके शरीर पर यातनाओं के निशान आज भी दर्ज हैं। उनके हाथ के पंजों पर सिगरेट से जलाने के



करनाल। लोकतंत्र सैनानी संघ।

निशान बने हुए हैं। अखंड भारत के विभाजन के दौर में पाकिस्तान में विभाजन की विभीषिका में उन्होंने अपने ताऊ को खोया। उनके पिता और उनका परिवार आरएसएस से अखंड भारत के दौर से जुड हुआ हैं। उनके परिवार के पूर्व सीएम मनोहर लाल के परिवार से गहरे संबंध थे। मनोहर लाल को संघ की शाखा में दिल्ली प्रवास के दौरान आगे लाने वाले वह थे। उनसे आपात काल के दौर को लेकर बातचीत हुई। उन्होंने



करनाल। अपातकाल के दौरान गिरफ्तारी देने वाले लोकतंत्र के प्रहरी।

बताया कि आज भी वह लोग मानते हिं कि पाकिस्तान से जिंदा लौट कर आए तो वह आरएसस के कारण ही आ पाए। उन्होंने बताया कि जिस समय आपात काल लगा उस समय वह अठारह साल के थे। संघ के स्वयंसेवक थे। वह दि ल्ली के रानी बाग क्षेत्र में रहते थे। उस समय मनोहर लाल भी अपने चाचा के साथ शाखा में आते थे। उन्होंने बताया कि आरएसएस पर पावंदी जुलाई में लगी थी। उस समय वह पत्रक ले जाकर लोगों में बांटते थे। संघ के स्वयंसवेक साईक्लोस्टाइल से सूचना जन जन तक पहुंचाने के लिए पत्रक के माध्यमसे बांटते थे। पुलिस ने उस समय उनको गिरफ्तार करने की योजन तक बनाई । उस समय सत्याग्रह करने की योजना भी बनी। उनको विदा करने के लिए उनका परिवार भी रानी बाग चौक पर पहुंचा। उन्होंने वहां सत्याग्रह

### खास बातें

- एक परिवार ऐसा जिसके छोटे बच्चों ने भी गिरफ्तारी दी
- प्रवीण गुलाटी के 11 परिजनों ने एक साथ आपात काल के दौरान गिरफ्तारी दी
- विभाजन के दौरान पाकिस्तान से जिंदा लौट कर आरएसएस की बदौलत आए

किया। वहां पर उत्साह में उनके परिवार की महिलाओं ने भी नारे बाजी की। पुलिस ने उनके परिवार के 11 लोगों को गिरफ्तार कर तिहाड़ जेल भेज दिया। इनमें उनके पिता खजान सिंह गुलाटी, माता,श्रीमती सरस्वती देवी, बडे भाई हरगोविंद गुलाटी, उनकी भाभी जनक गुलाटी, के साथ उनका ढाई साल का बेटा सुधीर उनकी बहन पुष्पा , सुमित्रा और संतोष को भी गिरफ्तार कर लिया। श्रीमती सुमित्रा के साथ उनकी बेटी अलका और संतोष के साथ उनकी बेटी अलका को भी जेल भेज दिया। उस समय जेल में राजमाता विजया राजे सिंधिया और श्रीमती गायत्री देवी भी उसी जेल में थीं। जिन्होंनें दूध की व्यवस्था बच्चों के लिए करवाई। उन्होंने बताया कि उनको भी यातनाएं भी दीं। उनके हाथ सिगरेट से जलाए। उनको यातना की कुर्सी पर बिठाया। उन्होंने बताया कि आज की पीढी को आपात काल की जानकारी होना चाहिए। श्रीमती इंदिरा गांधी ने अपनी सनक और कुर्सी बचाने के लिए सारे देश में कारागार बना दिया। 18 माह तक जेल में लोग रहे। उन्होंने बताया कि लोकतंत्र के असली रक्षक तो हम लोग हैं। जिन्होंने अपना बलिदान दिया।

## पौने दो करोड़ से बनने वाले सामुदायिक स्वकेंद्र का किया शिलान्यास

# फूरलक रोड पर बनेगा सामुदायिक केंद्र वार्ड-1 व 2 के लोगों को मिलेगा फायदा

विधानसभा अध्यक्ष ने किया जनसभा को संबोधित, बोले- हलके में तरक्की की मजबूत नींव रखी जा चुकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने घरौंडा के फूरलक रोड पर पौने दो करोड़ की लागत से बनने वाले सामुदायिक केंद्र का शिलान्यास करते हुए कहा कि हलके में जिस गति से विकास कार्य हो रहे हैं, इससे अगले कुछ सालों में घरौंडा हलके की सूरत बदल जाएगी। हलके में तरक्की की मजबूत नींव रखी जा चुकी है। इसका फायदा पूरे हलके की जनता को मिलेगा।

विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण गुरुवार को घरौंडा में फुरलक रोड पर सामुदायिक केंद्र का शिलान्यास करने के बाद जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। पौने दो करोड़ की लागत से बनने वाले कि इस सामुदायिक केंद्र से वार्ड एक और दो के लोगों को फायदा होगा। नगर पालिका घरौंडा द्वारा बनवाए जाने वाला यह सामुदायिक केंद्र दो मंजिला होगा, इसमें ऊपर व नीचे बड़ा हॉल, शौचालय, कक्ष और रसोई की सुविधा होगी। निर्माण कार्य एक साल में पूरा होने की उम्मीद है।

श्री कल्याण ने कहा कि सामुदायिक केंद्र के लिए जमीन की प्रक्रिया पूरी करने में थोड़ा समय जरूर लगा लेकिन इसके बनने से वार्ड एक और दो के लोगों की पुरानी मांग पूरी होने जा रही है। इसके लिए उन्होंने वार्ड वासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि जब वे हलके से पहली बार विधायक बने तब लंबित विकास कार्यों की गठरी बहुत बड़ी हो चुकी थी। एक-एक करके इन कामों को पूरा कराया गया। अब पूरे हलके में तेज गति से विकास कार्य हो रहे हैं, जिनका परिणाम जमीनी स्तर पर नजर भी आ रहा है।

उन्होंने अनाज मंडी में आढती एसोसिएशन की ओर से आयोजित हवन यज्ञ में भाग लिया। नपा अध्यक्ष हैप्पी लक ने शहर में कराए जा रहे विकास कार्यों को लेकर विधानसभा अध्यक्ष की सराहना की। उन्होंने कहा कि हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण शहर को सुन्दर बनाने और लोगों की अधिकाधिक मूल सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

इस अवसर पर एसडीएम राजेश सोनी, नपा सचिव रवि प्रकाश, मंडल महामंत्री सुरेंद्र, बलविंदर सिंहमार, रोहित, सुभाष आदि मौजूद रहे। हवन यज्ञ में प्रधान महेंद्र पसरीचा हैप्पी, पवन गुप्ता, जयकिशन गोयल, सतीश गोयल, सुशील गर्ग आदि ने आहूति डाली।



घरौंडा। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते विधानसभाध्यक्ष हरविंद्र कल्याण।

### प्रोजेक्ट पूरा होने पर युवाओं को मिलेगा रोजगर

प्रोजेक्ट्स पूरा होने के बाद युवाओं को मिलेंगे रोजगार के नए अवसर
विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि एक समय हलका विकास के मामले में काफी पिछड़ा हुआ था लेकिन अब तरक्की की पक्की नींव रखी जा चुकी है। बड़े प्रोजेक्ट्स पूरा होने के बाद युवाओं को रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि हमें गांवों में पार्टीबाजी को बढ़ावा नहीं देना चाहिए, इससे गांव में विकास कार्य प्रभावित होते हैं। उन्होंने वर्तमान केंद्रीय मंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का हलके की तरक्की में हर कदम पर साथ देने के लिए आभार जताया। साथ ही कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी हर समस्या के समाधान के लिए हर वक्त तत्पर रहते हैं।

### विकास कार्यों की सूची में दिन-प्रतिदिन दर्ज हो रहे उद्घाटन व शिलान्यास

विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि विकास कार्यों की बात करें तो सर्वप्रथम पब्लिक हेल्थ सब डिवीजन को वापस लाया गया। घरौंडा शहर में लड़कियों का स्कूल, पार्कों और बस अड्डे का निर्माण कराया गया। इसके अलावा न केवल घरौंडा को उपमंडल का दर्जा दिलाया गया बल्कि हलके में 16 स्कूलों को सीनियर सेकेंडरी बनवाया गया, 40 नए पुल और 75 सड़कें बनवाई गईं। रेलवे से जमीन लेकर लाइन के नीचे रास्ता बनवाया गया जिससे 15 गांवों को फायदा पहुंचा है। इतना ही नहीं अवैध कॉलोनियों को अप्रूव्ड घोषित करवा कर उन में मूल सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई। नए अस्पतालों के साथ-साथ युवाओं के लिए आईटीआई बनवाई गई। एनसीसी अकैडमी और रिंग रोड का निर्माण कार्य जारी है। मेडिकल यूनिवर्सिटी इसी साल शुरू हो जाएगी। रैपिड रेल के लिए पानीपत और करनाल के बीच तीन स्टेशन मंजूर हो चुके हैं। विकास कार्यों की लंबी सूची है जिसमें हर दिन कोई न कोई उद्घाटन व शिलान्यास की उपलब्धि दर्ज हो रही है।



करनाल। लाभर्थियों को चेक देते विधायक योगेंद्र राणा। फोटो: हरिभूमि

## विधायक योगेंद्र राणा ने वितरित किए सहायता चेक

**असंध।** विधायक योगेंद्र राणा ने मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना के तहत खेड़ी सर्फली, ठरी और बल्ला गांव के तीन लाभार्थियों को 37,500-37,500 रुपये के सहायता चेक प्रदान किए। उन्होंने बताया कि कृषि से जुड़ी दुर्घटनाओं में मृतक के परिजनों या घायल श्रमिकों को यह वित्तीय सहायता दी जाती है। आवेदन दुर्घटना के दो महीने के भीतर संबंधित मार्केट कमेटी कार्यालय में किया जाना चाहिए। इस मौके पर मार्केट कमेटी सचिव कृष्ण धनखड़, मंडी सुपरवाइजर मोहन लाल, राम अवतार जिंदल व अन्य मौजूद रहे। आमजन की समस्याएं सुनीं, अधिकारियों को दिए मौके पर निर्देश विधायक ने नई अनाज मंडी स्थित कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समाधान के स्पष्ट निर्देश दिए।




करनाल। नशामुक्त अभियान में लगी टीम। फोटो: हरिभूमि

## नशा मुक्त भारत अभियान के तहत किया जागरूक

करनाल। पंडित चिरंजी लाल शर्मा गवर्नमेंट कॉलेज, करनाल में 21 से 26 जून तक अंतरराष्ट्रीय नशा विरोधी सप्ताह के तहत जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की गईं। सप्ताह भर चली इन गतिविधियों का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना और उन्हें नशा मुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। इस दौरान नशा उन्मूलन की शपथ, शिवकृपा नशा मुक्ति केंद्र का दौरा, "सेल्फी विद मैसेज", दीवार हस्ताक्षर अभियान, मानव श्रृंखला और डिजिटल ई-शपथ जैसे आयोजन किए गए। इन प्रयासों से युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी और जागरूकता का भाव उत्पन्न हुआ।

# जातिगत जनगणना मुस्लिमों के कल्याण का आधार बनेगी: खुर्शीद आलम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा खुर्शीद आलम पुर्व मिडिया कोर्डिनेटर हरियाणा राज्य हज कमेटी हरियाणा सरकार हरियाणा के मुस्लिमो से बड़ी अपील करते हुए कहा है जाति आधारित जनगणना सामाजिक न्याय और मुस्लिमों के कल्याण का आधार बनेंगी खुर्शीद आलम ने जातिगत आधारित जनगणना सामाजिक न्यायपूर्ण ढंग से होगी उन्होंने बताया की श्री नरेन्द्र मोदी जी प्रधानमंत्री, नयाब सिंह सैनी मुख्यमंत्री मुसलमानों को लेकर गंभीर है जातिगत समीकरण बदल रहा है हमें भी देश हित में सहयोग करने की अपील करते हुए मुस्लिम समुदाय के संगठनों, धार्मिक संस्थानों, और समाज सुधारक नेताओं से अपील करते हुए कहा की व्यवस्था में बदलाव लाने के लिए जागरूक होकर भाजपा सरकार की योजनाओं को समझाएं और मार्गदर्शक बन कर मुसलमानों को जातिगत जनगणना के लिए प्रेरित करें उनको बताने की जरूरत है इसमें हम सब मिलकर इस अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें खुर्शीद आलम ने जातिगत जनगणना मुस्लिम समुदाय के खिलाफ़ नहीं है बल्कि ये एक व्यावहारिक अवस्काता है भारत में मुसलमानों के लिए मोदी जी के नेतृत्व अनेकों योजनाएं बनाई गई है। पिछड़े वर्गों के लिए समय आ गया है की हम संवैधानिक कर्तव्य को समझ कर सबसे अधिक जातिगत जनगणना में सहयोग करें हमे हर हाल में अपने आप को मज़बूत बनाने हेतु प्रयास करने चाहिए और श्री नरेन्द्र मोदी जी प्रधानमंत्री का जो एक देश एक चुनाव के लिए भी हमें आगे आकर समर्थन करना चाहिए।



## बिजली दरों में बेतहाशा वृद्धि कर रही भाजपा सरकार : माकपा

**करनाल।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने हरियाणा में बिजली की दरों में अचानक की गई चुपचाप वृद्धि की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इसे जनविरोधी करार दिया है। पार्टी के जिला सचिव जगपाल राणा ने कहा कि भाजपा सरकार ने एक झटके में बिजली के रेट चार गुना तक बढ़ा दिए हैं, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग की कमर टूट गई है।

उन्होंने बताया कि पहले जिन परिवारों का बिल 900 से 1000 रुपये आता था, अब वह 4000 से 5000 रुपये तक पहुँच रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने फिक्स चार्ज के रूप में 75 रुपये प्रति किलोवाट अतिरिक्त जोड़कर और ज्यादा बोझ डाल दिया है, जो 10 किलोवाट कनेक्शन पर 750 रुपये प्रतिमाह बैठता है।

# हरियाणा एनसीबी के नशा मुक्त अभियान के तहत गांव बंदराला में लगाया शिविर

- कार्यक्रम 'नशा मुक्त भारत पखवाड़ा' के समापन समारोह के रूप में किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

अंतर्राष्ट्रीय मादक द्रव्य निषेध दिवस (26 जून) पर हरियाणा नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की करनाल इकाई द्वारा गांव बंदराला में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम 'नशा मुक्त भारत पखवाड़ा' के समापन समारोह के रूप में मनाया गया, जो 12 जून से पूरे हरियाणा में चलाया गया था।

कार्यक्रम की अगुवाई यूनिट ऑब्जर्वर वीरेंद्र सिंह ने की। उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि "नशे से दूरी, जीवन की जिम्मेदारी है।" उन्होंने बताया कि नशा एक सामाजिक बुराई है, जो युवाओं के भविष्य को अंधकार में धकेल रही है। कार्यक्रम के दौरान नुक्कड़ नाटक, जागरूकता रैली, साइक्लोथॉन, स्कूली संवाद, पोस्टर प्रदर्शनी और ओपन माइक जैसे आयोजन भी हुए। बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, ग्रामीणों, शिक्षकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। एनसीबी प्रतिनिधियों ने सभी को नशा न करने की शपथ दिलाई और लोगों से अपील की कि यदि उन्हें किसी भी प्रकार की नशा तस्करी या सेवन की जानकारी मिले तो वे टोल-फ्री नंबर 1933 या पोर्टल पर सूचना दें। उन्होंने यह भी भरोसा दिलाया कि सूचनादाता की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।




करनाल। गांव बंदराला में लोगों को जागरूक करती नशा मुक्त अभियान की टीम।

# पक्के पुल धाम पर पीर बाबा की मजार पर दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं का तांता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

पक्के पुल धाम पर ज्येष्ठ व आषाढ़ माह में दर्शन करने वाले श्रद्धालूओ की लंबी लाइन लग जाती है। वीरवार को तो पक्के पुल धाम आस्था का केंद्र बन जाता है। हजारों की संख्या में महिला पुरुष धाम पर मत्था टेक कर मनोकामनाएं मांगते हैं। पक्का पुल धाम एक प्राचीन धाम है। बताया जाता है कि पक्के पुल धाम पर अलग अलग राज्यों से श्रद्धालु दर्शन करने के लिए पहुंचते हैं। पक्का पुल धाम के सेवादार प्रेम कुमार ने बताया कि पक्का पुल धाम प्राचीन धाम है। धाम पर हरियाणा के साथ दूसरे राज्यों से श्रद्धालु दर्शन करने के लिए पहुंचते हैं। उन्होंने बताया कि जब गेहूं व धान का सीजन समाप्त हो जाता है तो उसके बाद श्रद्धालु ज्यादा संख्या में पहुंचते हैं। उन्होंने बताया कि धाम पर श्रद्धालु मनोकामनाएं मांगते हैं और उनकी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती हैं तो उसके बाद भी श्रद्धालु दर्शन करने के लिए पहुंचते हैं। वीरवार को भी श्रद्धालुओं की लंबी लाइन लगी हुई थी। सुबह से ही श्रद्धालु दर्शन करने के लिए लाइन में लगे हुए थे।



## जलभराव से संबंधित समस्याओं को लेकर एसडीएम ने ली बैठक

# बरसात में जलभराव निपटने का प्लान बनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय इंद्री में एसडीएम अशोक मुंजाल ने बरसात के मौसम में शहर और यमुना नदी के साथ लगते गांवों में बरसाती पानी के कारण जलभराव की समस्याओं से निपटने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों, ग्राम सचिवों, नगर पार्षदों और सरपंचों की बैठक ली । उन्होने कहा कि बरसाती पानी से होने वाली समस्याओं के समाधान के लिए सभी संबंधित अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों का निरीक्षण करते रहें और बरसाती पानी के कारण लोगों को होने वाली समस्या का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यदि बरसात के पानी के कारण कहीं जलभराव की स्थिति उत्पन्न होती है तो आपसी तालमेल के साथ कार्य करते हुए बरसाती पानी की निकासी का उचित प्रबंध करें। उन्होंने ने नगरपालिका सचिव को निर्देश दिए कि वे शहर में बरसाती पानी की निकासी के उचित प्रबंध करें और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि साफ-सफाई के कार्य में लापरवाही बिल्कुल भी बर्दाशत नहीं की जाएगी और वह स्वयं भी सफाई कार्यों का निरीक्षण करेंगे। बैठक में उन्होंने सरपंचों से अपील की कि वे पहले यह सुनिश्चित करें कि बरसाती पानी से होने वाली समस्या किस विभाग से संबंधित है। इसकी जानकारी मिलने पर तुरंत संबंधित विभाग के अधिकारियों को सूचित करें और स्वयं भी प्रशासन के अधिकारियों के साथ मिलकर पानी की समस्या का समाधान करें। उन्होंने कहा कि पानी की निकासी के समय यह भी सुनिश्चित करें कि बरसाती पानी से किसी भी व्यक्ति को कोई परेशानी या नुकसान न हो। इस मौके पर खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी गुरमालक सिंह, पीडब्ल्यूडी के एसडीओ रोहतास सिंह, नगरपालिका अध्यक्ष राकेश पाल, नगर पालिका सचिव धर्मबीर सिंह, पंचायती राज के एसडीओ हुकमचंद, हिमांशु, जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ गौरव धीमान, पब्लिक हेल्थ के जेई मुकेश वर्मा व सरपंच उपस्थित रहे।



फोटो कैप्शन इंद्री 3 खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय इंद्री में अधिकारियों के साथ बैठक एसडीएम अशोक मुंजाल ।

**खबर संक्षेप**



## नरेंद्र जिंदल ने किया 90वीं बार रक्तदान

**पानीपत।** भगवान जगन्नाथ जी के 131वें रथ यात्रा उत्सव पर श्री कैलाशी सेवा समिति के सहयोग से 10वें रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में समाजसेवी नरेंद्र जिंदल ने अपना 90वां रक्त दान किया। वहीं इस बारे में नरेंद्र जिंदल ने कहा कि परम पिता परमातमा के दिए इस शरीर की रक्त बून्द से किसी का जीवन बच जाए इससे बड़ी कोई बात नहीं हो सकती। वहीं रक्तदान के लिए आयोजकों द्वारा नरेंद्र जिंदल को सम्मानित किया गया।

## रिहायशी इलाके में फैक्ट्री बंद करने की मांग

**पानीपत।** हरि सिंह कॉलोनी, नूरवाला के नागरिकों ने रिहायशी क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित की जा रही फैक्ट्री के खिलाफ रोष जताते हुए उपायुक्त को लिखित शिकायत देकर इस अवैध फैक्ट्री को बंद करने की मांग की गई है। लोगों का आरोप है कि फैक्ट्री की मालिक प्रभावशाली व्यक्ति है। इसलिए रिहायशी क्षेत्र में गैरकानूनी रूप से फैक्ट्री चला रहा है।

### महाराष्ट्र के सीएम के अतिरिक्त मुख्य सचिव ने किया काला आम्ब स्मारक का दौरा

# आकर्षक पर्यटन केन्द्र के रूप में पानीपत शौर्य स्मारक होगा विकसित

बैठक में उपायुक्त ने बताया कि सम्बंधित किसानों से ई-भूमि पोर्टल के माध्यम से भूमि की खरीद प्रक्रिया अंतिम चरण में है। वर्तमान में 7 एकड़ जगह काला आम्ब स्मारक में उपलब्ध है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत





पानीपत। काला आम्ब स्थित शौर्य स्मारक का दौरा करते महाराष्ट्र सीएम के अतिरिक्त मुख्य सचिव विकास खारगे व अन्य तथा डीसी डा. वीरेंद्र दहिया के साथ बैठक अतिरिक्त मुख्य सचिव विकास खारगे। फोटो : हरिभूमि

पानीपत के काला आम्ब स्थित शौर्य स्मारक के बनाने को लेकर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव विकास खारगे के नेतृत्व में आज जिला प्रशासन के अधिकारियों ने काला आम्ब स्मारक स्थल का दौरा किया और इसे बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने इससे पहले जिला सचिवालय में अधिकारियों की बैठक भी ली। उन्होंने शहीद वीर मराठों को नमन करते हुए स्मारक पर पुष्प भी अर्पित किए। उन्होंने म्यूजियम का भी दौरा किया। उन्होंने कहा कि यह स्मारक बनना पूरे भारत के लिए गौरव की बात है। यह देश के लिए शौर्य का प्रतीक है और जहां पर लाखों लोगों ने अपनी शहादत दी थी।

स्मारक बनाने के संकल्प को लेकर हरियाणा और महाराष्ट्र सरकार समन्वय स्थापित कर रही है। उन्होंने इसके लिए हरियाणा सरकार का भी धन्यवाद किया और इस प्रस्ताव को आगे बढ़ाने के लिए प्रशंसा की। वहीं बैठक में उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया ने बताया कि सम्बंधित किसानों से ई-भूमि पोर्टल के माध्यम से भूमि की खरीद प्रक्रिया अंतिम चरण में है।

वर्तमान में 7 एकड़ जगह काला आम्ब स्मारक में उपलब्ध है। 16 एकड़ भूमि सूचना, जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग द्वारा खरीदने की प्रक्रिया जारी है। इसके बाद 23 एकड़ में यह स्मारक भव्य और आकर्षक रूप में विकसित किया जाएगा। डीसी डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया ने बताया कि इस कार्य में सर्वे ऑफ इंडिया विभाग का भी सहयोग लिया जाएगा। महाराष्ट्र सरकार की ओर से कॉन्सेप्ट डिजाईन को लेकर भी बातचीत की जाएगी और नियमानुसार कार्य किया जाएगा। बैठक में सुझाव दिए गए कि स्मारक में वीर शिवाजी की बड़ी प्रतिमा स्थापित होगी। स्थानीय हथकरघा के कार्यो को बढ़ावा देने के लिए दुकानें, कैफेटेरिया, म्यूजियम, इण्टरसेप्शन सेंटर, लाईट एण्ड साउण्ड शो इत्यादि भी स्थापित किए जाएंगे। विकास खारगे ने कहा कि इसमें एक-दूसरे राज्य के प्रति सम्मान दिखाते हुए संस्कृतियों का आदान-प्रदान किया जाएगा और दिल्ली में प्रधानमंत्री संग्रहालय की तर्ज पर इसमें कई चीजे विकसित की जाएगी। इसके लिए महाराष्ट्र सरकार की ओर से जो भी मदद हरियाणा सरकार को जरूरत होगी दी जाएगी। बैठक में सूचना, जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग के अतिरिक्त निदेशक आरएस सांगवान ने विभागीय जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह के निर्देशानुसार विभाग के आयुक्त डॉ. अमित अग्रवाल और महानिदेशक केएम पाण्डुरंग इस प्रोजेक्ट पर व्यक्तिगत रूचि ले रहे हैं।

**ये रहे मौजूद**

बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. पंकज यादव, पानीपत एसडीएम मनदीप कुमार, तहसीलदार विरेन्द्र गिल, नायब तहसीलदार सौरव शर्मा, डीडीपीओ राजेश शर्मा, महाराष्ट्र के वास्तुकला विभाग के डायरेक्टर तेजश मदन, मुम्बई के पर्यटन केन्द्र के अधीक्षण अभियंता शैलेन्द्र बोस, प्रदीप पाटिल आदि भी उपस्थित रहे।



पानीपत। कैंप में बच्चों को सम्मानित करते हुए पार्षद तरूण गांधी। फोटो : हरिभूमि

## बाल भवन में समर कैंप में भाग लेने वाले बच्चों के दांतों को जांचा

**पानीपत।** बाल भवन में चल रहे वार्षिक समर कैंप में आए हुए बच्चों के लिए आरंभ फाउंडेशन, लखदातार सेवा समिति, आदर्श एक विश्वास वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा एक सेवा शिविर का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत वृक्षारोपण, प्रभु प्रसादम् एवं बच्चों के लिए दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया। पार्षद तरुण गांधी, अनिल मदान व जिला बाल कल्याण अधिकारी रितु राठी ने विशिष्ट अतिथि के रुप में शिरकत की। पौधारोपण के क्षेत्र में सार्थक प्रयास के लिए मोहित जुनेजा, निशा गुप्ता व नवनीत को पौधागिरी अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। डा. पुलकित गोयल एवं डा.प्रशांत शर्मा द्वारा बच्चों के दांतों की जांच की गई तथा सोसायटी द्वारा टूथब्रश और टूथपेस्ट बांटे गए। जिला बाल कल्याण अधिकारी रितु राठी ने कहा कि हम हर वर्ष समर कैंप के माध्यम से बच्चों को शिक्षा व हुनर देने की एक कोशिश करते हैं और उसमें हमारा सहयोग यह सब संस्थाएं करती हैं। जिससे इन बच्चों की संख्या 40 से अब 200 हो गई है। मौके पर आरंभ फाउंडेशन के संस्थापक अधिवक्ता मेहुल जैन, लखदातार सेवा समिति के अध्यक्ष आशु दुआ, नवीन मुंजाल, सुनंदा शर्मा, वैभव छाबड़ा, पंकज दुआ, वरुण तायल, नवीन बंसल, रवि राजपूत, प्रेम चुघ, अमित सिंगला, लक्ष्य बंसल, आद्रिक जैन व श्रेयश जैन आदि उपस्थित रहे।

## प्रदेश की जनता बिजली के बिल चार गुना बढ़ने से सकते में : कुलदीप राठी

**पानीपत।** इनेलो के जिला अध्यक्ष कुलदीप राठी ने कहा कि बेहिसाब बढ़ रही महंगाई के दौर में बीजेपी सरकार ने बिजली के अनाप शनाप रेट बढ़ाकर प्रदेश की जनता की जेब पर डाका डालने का काम किया है। पहले जो बिल 900 रूपए आता था वो अब 3600 रूपए आया है। बीजेपी के 11 साल के शासन में लगातार बिजली के रेट बढ़े हैं। चुनावों में वोट लेने के लिए बीजेपी ने तरह तरह के वादे किए थे जिसमें बिजली सस्ती देने का वादा भी शामिल था लेकिन अब जनता से किए सभी वादों को भूल गए हैं। प्रदेश की जनता बिजली के बिल चार गुना बढ़ कर मिलने से सकते में है और बिजली मंत्री बेशर्मी से सरे आम मीडिया में बयान दे रहे हैं।

# टोल प्लाजा ने लगाई पानीपत वासियों को करोडों की चपत



**पानीपत।** पानीपत टोल प्लाजा ने पानीपत वासियों को करोड़ों की चपत लगायी है। आरटीआई के माध्यम से प्राप्त हुई जानकारी देते हुए पानीपत सीए ब्रांच के पूर्व चेयरमैन सीए जगदीश धमीजा ने बताया कि पानीपत टोल पर लोकल निजी कार को टोल रेट का 25 प्रतिशत, लोकल कमर्शियल गाडिय़ों टैक्सी, बस, ट्रक आदि को टोल रेट का 50 प्रतिशत ही चार्जेज देना होता है और ये नियम 2008 से लागू है। जिसके बारे में टोल अधिकारियों को विज्ञापन या अन्य माध्यम से लोकल निवासियों को अवगत करवाना जरुरी है जबकि पानीपत टोल के अधिकारियों द्वारा ऐसा कभी नहीं किया गया। इसके अलावा जो लोग एक बार पानीपत टोल पर जाकर जरुरी कागज देकर रियायती दरों के लिए प्रार्थना पत्र देते है उन्हें भी कुछ ही समय के लिए रियायत देकर बिना किसी पूर्व सूचना के उनसे रियायत वापिस ले ली जाती है। यही नहीं उनसे भी फ्लाईओवर का प्रयोग न करने पर भी 4 गुना टोल वसूला जाता है। सीए जगदीश धमीजा ने बताया कि वर्ष 2024-25 में लोकल निजी कारों ने 1549025 बार पानीपत टोल को क्रॉस किया है जबकि पानीपत टोल प्लाजा पर मात्र 11721 गाडिय़ों को ही लोकल कार के तौर पर रजिस्टर्ड किया गया है और हद हो तब हो गई जब वर्ष 2025-26 के पहले 2 महीनों में ही रजिस्टर्ड लोकल कार की संख्या 11721 से घटकर 2889 रह गई जिसका सीधा मतलब है कि पानीपत टोल प्लाजा द्वारा पानीपत में रजिस्टर्ड 8832 कारों की रियायती दर खत्म कर दी गई है और उनसे अब 4 गुना टोल वसूला जा रहा है।

# संविदा श्रमिकों की सुविधा के लिए रिफाइनरी में बने तीन विश्राम कक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स ने संविदा श्रमिकों के स्वास्थ्य, आराम और सुविधा के लिए रिफाइनरी के बैटरी क्षेत्र में तीन विश्राम कक्षों का निर्माण किया है। इसी कड़ी में आज एक विश्राम कक्ष का उद्घाटन एमएल डहरिया कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख पीआरपीसी द्वारा श्रम विभाग पानीपत के औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग के संयुक्त निदेशक अनुराग गहलावत की उपस्थिती में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधकों तथा इंडियन ऑयल ऑफिसर्स एसोसिएशन और इंडियन पेट्रोकेमिकल्स एंड रिफाइनरी इंप्लॉइज यूनियन के प्रतिनिधियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस भवन में पुरुष एवं महिला श्रमिकों के लिए अलग-अलग स्वच्छ शौचालय तथा आठ बड़े एयर कूलर लगाए गए हैं ताकि श्रमिक अपने अवकाश अथवा भोजनावकाश के दौरान उचित विश्राम कर सकें। ठंडे पानी का वाटर कूलर भी उपलब्ध है।



पानीपत। रिफाइनरी में श्रमिकों के लिए बने विश्राम कक्ष का शुभारंभ करते ईडी एमएल डहरिया व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## नशा करने वाले का धन ही नहीं चरित्र भी चला जाता है : महताब मलिक

**पानीपत।** आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल में विश्व नशा निषेध दिवस मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता विद्यालय के कोषाध्यक्ष महताब सिंह मलिक ने की और आर्य समाज काबड़ी के उप प्रधान ओम दत्त आर्य मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे। इस अवसर पर सर्वोच्च सम्मान परमवीर चक्र से सम्मानित मेजर रामा राघोबा, ऋषि दयानंद और स्वामी श्रद्धानंद को भी सभी वक्ताओं ने बार-बार याद किया। विद्यालय के कोषाध्यक्ष महताब मलिक ने कहा कि नशा नाश की जड़ है। नशा करने वाले व्यक्ति का चरित्र ही नहीं धन सम्मान भी चला जाता है। नशा शरीर और मस्तिष्क दोनों को खोखला कर देता है। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर संस्था के प्रधान रणदीप कादियान ने सभी को बधाई दी तथा विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने का आह्वान किया।

## राजकीय कालेज में नशा मुक्ती पर कार्यक्रम आयोजित

इसराना । राजकीय महाविद्यालय में 12 से 26 जून तक नशा मुक्त भारत अभियान पखवाडा मनाया गया। कार्यक्रम प्राचार्य डा.हरि ओम के मार्गदर्शन में तथा नशा मुक्त अभियान समिति प्रभारी दिनेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान डा. मुकेश देशवाल ने नशा एक अभिशाप विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने नशे से होने वाले पारिवारिक, सामाजिक, शारिरिक एवं आर्थिक नुकसान से विद्यार्थियों को अवगत कराया। विद्यार्थियों को नशा मुक्ति शपथ दिलाई गई। जिसमें विद्यार्थियों ने स्वयं को तथा अपने दोस्तों, रिश्तेदारों और परिवार के सदस्यों को भी इस नशे की बुराई से बचाने के लिए प्रेरित करने की शपथ ली। वहीं नशा मुक्ति अभियान विषय पर पोस्टर मेंकिग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें सोनी बीए प्रथम वर्ष, मन्नू बीए प्रथम वर्ष तथा कोमल बीए प्रथम वर्ष ने क्रमश पहला, दूसरा एवं तीसरा स्थान अर्जित किया। कार्यक्रम समापन पर नशा मुक्त अभियान समिति के प्रभारी दिनेश कुमार,डा. मुकेश देशवाल, डा.कुलबीर, डा.प्रवीन आदि का प्रमुख रूप से



## नशे से रहोगे दूर तो जीवन जी पाओगे भरपूर : डॉ.अशोक वर्मा

**पानीपत।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह के दिशानिर्देश पर नशे के विरुद्ध निरंतर जागरूकता कार्यक्रम की कड़ी में ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ.अशोक कुमार वर्मा ने आजपानीपत बस स्टैंड पर चालक व प्रशिक्षुओं को नशे के विरुद्ध जागरूक करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा नशा मुक्त और योग युक्त जीवन अपनाने के लिए भरसक प्रयास किये जा रहे हैं। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो और पुलिस निरंतर नशा तस्करों की धरपकड़ में जुटी हुई है। सबका लक्ष्य केवल एक है युवा नशे से दूर रहें और स्वस्थ जीवन यापन करें। उन्होंने अपनी कविता का के माध्यम से प्रशिक्षुओं को सन्देश दिया- यदि नशा होता अच्छा, सबसे पहले माँ कहती खा ले मेरे बच्चा। जन्म होते ही शहद की जगह एक कटोरी में कोई नशा लेती। ऊँगली डूबा कर हमारी जिव्हा पर चटा देती।

# आईबी कालेज में ड्रग्स अवेयरनेस पर पोस्टर व स्लोगन रैली आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के समापन दिवस पर आज आईबी महाविद्यालय में प्राचार्या डॉ.शशि प्रभा मालिक के नेतृत्व में यूथ अगेंस्ट ड्रग क्लब के द्वारा ड्रग्स अवेयरनेस पर पोस्टर व स्लोगन पर आधारित एक रैली का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ.शशि प्रभा मालिक ने कहा कि युवा किसी भी देश की ऊर्जा होते हैं और युवाओं की शक्ति का समाज के विकास में मुख्य योगदान होता है।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार की रैली का मुख्य उद्देश्य नशीली दवाओं की लत को छोडऩे के लिए लोगों को प्रोत्साहित करना है। यूथ अगेंस्ट ड्रग क्लब के संयोजक प्रो. अजय पाल सिंह ने कहा कि नशा मुक्ति अवेयरनेस पर इस तरह के आयोजन का मुख्य उद्देश्य व्यक्ति व समाज को नशे की बुरे से मुक्त करना है। यूथ अगेंस्ट ड्रग क्लब के मेम्बर प्रो. अश्वनी गुप्ता ने कहा कि नशा मुक्ति का महत्त्व न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य व जीवन के लिए है बल्कि समाज के विकास के लिए भी अत्यधिक महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर उप.प्राचार्या डॉ. किरण मदान, डॉ. सुनित शर्मा, प्रो. सोनिया, प्रो. पवन कुमार, डॉ. जोगेश, प्रो. माधवी, डॉ. नरवीर, डॉ. अंजलि, प्रो. राजेश बाला, प्रो. विनय भारती, प्रो. राहुल, प्रो. रेखा शर्मा ने अहम भूमिका निभाई।



पानीपत। नशे के विरुद्ध रैली निकालते आईबी कालेज के विद्यार्थी साथ हैं प्राचार्य डा. शशि प्रभा मलिक । फोटो :हरिभूमि



## नशा व्यक्ति ही नहीं समाज के लिए भी घातक : जगपाल

**पानीपत।** अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस पर जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के मार्गदर्शन में आज आईटीआई पानीपत, जय अम्बे कार्पेट फैक्ट्री, हथवाला कोचिंग इंस्टीट्यूट और रॉक्सेड़ा ग्राम पंचायत में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों में पुलिस विभाग से एएसआई जगपाल ने कहा कि मादक पदार्थों के दुरुपयोग और अवैध मानव तस्करी के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर हम समाज में मादक द्रव्यों के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खतरों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लेते हैं। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन की सहयोगी संस्था एमडीडी ऑफ इंडिया से विक्टिम असिस्टेंट कोऑर्डिनेटर अजय चौहान, आईटीआई वाइस प्रिंसिपल अशोक कुमार, रॉक्सेड़ा के सरपंच रामधन, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव वर्षा शर्मा ने भी नशा के दुष्प्रभाव पर अपने विचार रखे। इस अभियान में विकास नगर फैक्ट्री में जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण से पैनल एडवोकेट्स राजेंद्र शर्मा, अमूल ठाकुर, पीएलवी शिखा दीक्षित, फैक्ट्री मालिक पवन मिश्रा, बाल अधिकार सुरक्षा समिति के प्रमुख सदस्य रोशन प्रधान छोकर, सतपाल चहल, सोमनाथ बीका, राजेंद्र, ओमप्रकाश, दीपक और एमडीडी ऑफ इंडिया से काजल और दीपिका उपस्थित रहे।



## नशा समाज के लिए गंभीर खतरा इसके खात्मे में समाज की भागीदारी अत्यंत आवश्यक : एसपी भूपेंद्र

**पानीपत ।** अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर पुलिस द्वारा पुलिस विभाग के सभागार में विशेष कार्यक्रम का आयोजन कर नशा मुक्त हरियाणा का संदेश दिया। वीं इस दौरान नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 12 से 26 जून तक चलाए गए नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के सफल आयोजन में सहयोग देने वालों को पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने शील्ड देकर सम्मानित किया। डीएसपी समालखा नरेंद्र सिंह, डीएसपी ट्रैफिक सुरेश कुमार सैनी, एसपी रीडर एएसआई सुभाष व सेना क्लर्क रविंद्र आदि मौजूद रहे। जबकि यश हुडिया आसन कलां, देवेंद समालखा, सुरेंद्र ढोढपुर, योगेश मच्छरोली, नरेंद्र पावटी, डॉ.मेहरबान राक्सेहडा, बलवीर घनगस मांडी, चेनपाल सरपंच किवाना, राजबीर भापरा, कुलदीप मनाना व मनोज डिकाडला को सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह आईपीएस ने संबोधित करते हुए कहा कि नशा आज के समय में समाज के लिए एक गंभीर चुनौती बन चुका है। यह केवल व्यक्ति विशेष के जीवन को प्रभावित नहीं करता, बल्कि पूरे परिवार व समाज के विकास के मार्ग में बाधा उत्पन्न करता है। युवाओं में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति हमारे भविष्य के लिए अत्यंत चिंताजनक है। एसपी भूपेंद्र सिंह ने इस अवसर पर युवाओं के लिए संदेश दिया युवा देश की धरोहर है इसलिए वे नशे जैसी बुराई से दूर रहकर शिक्षा, खेलकूद व अन्य सामाजिक गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन कर अपना व अपने देश प्रदेश का नाम रोशन करें।

### समस्याओं के समाधान को लेकर अधिकारी आत्मबल का करें उपयोग : डीसी

# शिविर में पहुंची 43 समस्याएं, उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र ने दिए समाधान के निर्देश

नागरिकों की समस्याओं का समाधान करना हमारी प्राथमिकता: डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया ने आज को जनता समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आमजन की समस्याओं के निदान को लेकर और गंभीरता से अपने आत्मबल का प्रयोग करें। नागरिकों की समस्याओं का समाधान करना हमारी प्राथमिकता है। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता समाधान शिविर में जो समस्याएं आ रही हैं, उनका निश्चित समय अवधि में समाधान करें। इसलिए जो समस्याएं इसमें प्राप्त होती हैं, उन पर व्यक्तिगत रूची लें। वहीं पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने कहा कि पुलिस विभाग से सम्बन्धित किसी भी समस्या के समाधान में देरी नहीं होनी चाहिए।

सम्बन्धित अधिकारी शिविर में आने वाली समस्याओं का गहनता से अध्ययन करें व जल्द से जल्द समस्याओं का समाधान करें। समाधान शिविर में विभिन्न विभागों से जुड़ी 43 समस्याएं पहुंची, जिनका डीसी ने तत्काल समाधान करने के निर्देश सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को दिए। इस मौके पर सीईओ डॉ. किरण, डीएसपी सतीश वत्स, बिजली विभाग के कार्यकारी अभियंता आदित्य कुण्डू, डिप्टी सीएमओ दिव्या साहनी, एसडीओ वीरेंद्र दहिया, कृषि विभाग के एसडीओ राधे श्याम, मत्स्य अधिकारी अनुज कुमारी, डीपीओ परमिंदर कौर,पुलिस कम्पलैंट अधिकारी सुरेश, हैल्प डैस्क से संजीव शर्मा व जोगिन्द्र आदि मौजूद रहे।



पानीपत। समाधान शिविर में जनता की समस्याएं सुनते हुए डीसी डा.वीरेंद्र दहिया व अन्य अधिकारी।



## आर्य कॉलेज में नशा न करने की ली शपथ

**पानीपत।** आर्य महाविद्यालय में अंर्तराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस पर कॉलेज की एनएसएस इकाई द्वारा नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ.जगदीश गुप्ता ने विद्यार्थियों को नशा न करने की अपील की व कार्यक्रम के आयोजक प्रो.विवेक गुप्ता व डॉ.मनीषा डूडेजा को बधाई दी। प्राचार्य डॉ.जगदीश गुप्ता ने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति बल्कि पूरे परिवार को बर्बाद कर देता है। आंकड़ों के अनुसार 15-30 साल की उम्र के युवा नशीले पदार्थों की चपेट में सबसे ज्यादा आते हैं। इसलिए हमारे विद्यार्थी सोशल मीडिया के साथ-साथ शहर व गाँव में जा कर लोगों को नशे के प्रति जागरूक करने का अभियान चला रहे हैं। साथ ही सरकार नशामुक्ति केंद्रों और हेल्पलाइन सेवाओं को मजबूत कर रही है। हिंदी विभाग के प्राध्यापक विजय सिंह ने भी नशे से बचाव पर अपने विचार रखे।

## खबर संक्षेप

### भाजयुमो नेता के रिहायशी भवन से 13 लाख की चोरी

**अंबाला।** भाजपा के युवा मंडल अध्यक्ष आशीष कुमार के घर में लाखों रुपए की चोरी हो गई। चोर घर से कैश, जेवरात चोरी कर ले गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अंबाला छावनी के कच्चे बाजार के आशीष कुमार ने बताया कि 25 जून को पूरा परिवार अपनी बहन के यहां घूमने गया था। जब 26 जून को सुबह अपने घर पहुंचे तो घर के सभी दरवाजों के ताले टूटे हुए मिले।

### छात्राओं ने नशे के खिलाफ किया जागरूक

**बराड़ा।** संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में नशामुक्ति पखवाड़े के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कॉलेज परिसर को 'ड्रग फ्री कैंपस' बनाना था। कार्यक्रम का संचालन एंटी ड्रग अवेयरनेस सैल की प्रभारी सरला सेठी और डॉ. शशि खुराना की देखरेख में किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति विषय पर पोस्टर बनाए।

### गांधी मेमोरियल कॉलेज में समर कैंप संपन्न

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज ने हाल ही में अपना समर कैंप सफलतापूर्वक संपन्न किया। यह स्कूल और कॉलेज के छात्रों के लिए आयोजित किया गया था। इस कैंप का मुख्य उद्देश्य छात्रों के कौशल विकास और व्यावहारिक शिक्षा को बढ़ावा देना था। इस कैंप में विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और उन्होंने कई गतिविधियों में भाग लेकर अपने व्यक्तिगत एवं व्यवसायिक कौशल को निखारा।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पंजोखरा साहिब में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी रिंकल को गिरफ्तार किया है। रायवाली के तिलक राज ने 3 जून 2022 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी रिंकल व अन्य ने उसके शटरिंग स्टोर में घुसकर लोहे की प्लेटें चोरी की हैं। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### गांजा तस्करी में आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज नशा तस्करी के मामले में एंटी नारकोटिक सैल ने आरोपी सोहन लाल को गिरफ्तार किया था। रिमांड के दौरान आरोपी ने बतलाया कि आरोपी सूरज भी मामले में संलिप्त है। अब पुलिस ने आरोपी सूरज को भी मामले में गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

### साइकिल रैली निकाली गई

**अंबाला।** नशे के खिलाफ युवाओं को जागरुक करने के मकसद से वीरवार को पुलिस की ओर से साइकिल रैली निकाली गई। पुलिस की ओर से नशामुक्त अभियान भी चलाया जा रहा है। इसके तहत हजारों युवाओं को नशे के खिलाफ जागरुक किया गया है। अंबाला रेंज के आईजी पंकज नैन के दिशानिर्देशानुसार वीरवार को पुलिस की ओर से हर्बल पार्क से नशे के खिलाफ साइकिल रैली निकाली गई।

# इंदिरा ने आंतरिक अशांति का बहाना बनाकर देश पर थोपा था आपातकाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने के मौके पर भाजपा की ओर से जिला स्तर पर हुए कार्यक्रमों में लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित किया गया। अंबाला शहर में स्थित भाजपा जिला कार्यालय में पार्टी ने इस दिन को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाया। इस कार्यक्रम में पूर्व मंत्री असीम गोयल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उनके साथ साथ भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रवि बतान भी पहुंचे। इस कार्यक्रम में आपातकाल के दंश को झेल चुके परिवारों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री असीम गोयल ने बताया कि कैसे तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने सिर्फ और सिर्फ अपने निजी स्वार्थ के लिए संविधान की हत्या की और तानाशाही की सारी हदें पार कर दी। उन्होंने बताया कि 25 जून 1975 की आधी रात को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 'आंतरिक अशांति' का बहाना बनाकर देश पर आपातकाल थोप दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जब-जब संकट में होती है तब-तब संविधान और देश की आत्मा को ताक पर रखने से पीछे नहीं हटती। उन्होंनें कहा कि आपातकाल के 50 वर्ष बाद भी कांग्रेस उसी मानसिकता के साथ चल रही है। कांग्रेस ने तरीकों को बदला है। पर उसकी नीयत अब भी वैसी ही तानाशाही वाली है। उन्होंने कहा कि संविधान की हत्या करने वालों और इस घटना से लोगों को हुई तकलीफों के बारे में आज की पीढ़ी को जानकारी होना जरूरी है। गोयल ने कहा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने इंदिरा गांधी को दोषी ठहराकर उनकी सदस्यता को रद्द कर दिया था। वह छह साल तक चुनाव नहीं लड़ सकती थी। न ही लोकसभा की कार्यवाही में भाग ले सकती थी। इंदिरा गांधी ने घबराकर संविधान के अनुच्छेद 352 का दुरुपयोग करते हुए देश पर आपातकाल थोप दिया।

## आपातकाल के 50 साल पूरे होने पर भाजपा की ओर से आयोजित किया गया जिला स्तरीय कार्यक्रम

आपातकाल के दौरान एक परिवार को संविधान से ऊपर रखने वाली कांग्रेस आज भी 'राहुल-प्रियंका' के इर्द-गिर्द सिमटी हुई है। सत्ता की चाबी अब भी सिर्फ खानदानी जेब में रखी जाती है। राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि गरीबों के लिए सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ने का नाटक रच रहे राहुल गांधी आज अगर अपने परिवार का इतिहास पढ़ लें तो इन्हें अपने परिवार से ही घृणा हो जाएगी। वरिष्ठ भाजपा नेता अरुण भान ने भी बताया कि उनके परिजनों को आपातकाल के दौरान भारी यातनाएं सहनी पड़ी। किस तरह उस समय लोगों का और लोगों के अधिकारों का नरसंहार किया गया। इस दौरान जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, ,जिला महामंत्री करमचंद गोल्डी सैनी,विवेक शर्मा,पूर्व जिलाध्यक्ष जगमोहन लाल कुमार,वरिष्ठ भाजपा नेता अरुण भान,सुरेंद्र राणा व अन्य गणमान्य मौजूद रहे। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के एक बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए असीम गोयल ने कहा कि ये खड़गे की मजबूरी है कि वो हस्तिनापुर के सिंहासन से बंधे हुए हैं।



**अंबाला।** स्वतंत्रता सेनानी के परिजनों को सम्मानित करते पूर्व मंत्री व मौजूद पार्टी नेता व कार्यकर्ता।

## कहा किसी की धमकी से डरने की जरुरत नहीं

# शराब के बचे हुए नौ ठेकों की अलॉटमेंट के लिए डीसी ने ठेकेदारों को किया प्रोत्साहित

### आवेदन करने पर मिलेगा गन लाइसेंस, सुरक्षा गार्ड भी उपलब्ध करवाए जाने का वायदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** अधिकारियों की मीटिंग लेते डीसी अजय सिंह तोमर।

जिले में बचे नौ शराब ठेकों की अलॉटमेंट के लिए प्रशासन ने कसरत शुरू कर दी है। इस सिलसिले में वीरवार को डीसी अजय सिंह तोमर ने प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों की मीटिंग ली। इन बचे 9 ठेकों की तुरंत बोली करवाने के आदेश दिए। उन्होंने शराब कारोबारियों को भी बेखौफ होकर कारोबार करने की बात कही।

उन्होंने साफ कहा कि अगर किसी कारोबारी को कोई धमकी आती है तो पुलिस तुरंत कार्रवाई करेगी। बाकायदा ठेकेदार को आत्म रक्षा के लिए गन लाइसेंस भी उपलब्ध करवाया जाएगा। डीसी ने कारोबारियों से कहा कि प्रशासन व पुलिस पर विश्वास रखें। सुरक्षा की दृष्टि से जो भी पुलिस सहायता या अन्य चाहिए वो उपलब्ध करवाई जाएगी। इस मौके पर उनके पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत मौजूद रहे। उपायुक्त ने कहा कि शराब ठेकेदारों को पूर्ण सुरक्षा प्रदान की जाएगी। उन्हें डरने की कोई जरूरत नहीं है।

वे सजग व निडर होकर अपना व्यापार करें। उन्होंने यह भी बताया कि जिला में 61 शराब के ठेकों के जोन हैं। इनमें से 52 ठेकों का आबंटन किया जा चुका है। 9 शराब के ठेके बचे हैं। उन्हें ठेकेदार निर्धारित शर्तों को पूरा करते हुए लें। उन्होंने यह भी कहा कि जिस भी ठेकेदार को यदि कोई धमकी मिली है और उसने गन लाइसेंस के लिए आवेदन किया है तो उसका लाइसेंस तुरंत स्वीकार किया जाएगा। इसके साथ-साथ जिनके भी लाइसेंस रिन्यू के लिए हैं वे भी सभी आवेदन स्वीकृत होंगे।

### ठेकेदार किसी भी तरह खुद को असुरक्षित न समझें

उपायुक्त ने कहा कि अपराधियों पर नकेल कसने के लिए पुलिस व एसटीएफ की टीमें लगातार कार्रवाई कर रही हैं। ऐसे अपराधियों को एनकाउंटर करने का काम किया जा रहा है। ठेकेदार किसी भी तरह से अपने आप को असुरक्षित न समझें। जो भी पुलिस सहायता जैसे गनमैन या सिक्योरिटी गार्ड के लिए आप आवेदन करते हैं उनको सुरक्षा उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश हैं कि कानून व्यवस्था को किसी भी कीमत पर बिगडने नहीं दिया जाएगा। कोई भी ऐसा अपराधी है उस पर तुरंत कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान शराब ठेकेदारों ने उपायुक्त को आश्वस्त किया कि बचे शराब ठेकों की जल्द बोली दी जाएगी। एसपी अजीत सिंह शेखावत ने कहा कि शराब ठेकेदार किसी भी तरह से घबराएं नहीं। यदि उन्हें कोई धमकी मिलती है तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। उन्होंने भी सभी ठेकेदारों को विश्वास दिलाया कि वे बिना किसी डर व भय के अपने व्यापार को करते रहें। इस मौके पर एसीयूटी राहुल कंवरिया, नगराधीश अभिषेक गर्ग, डीईटीसी कृष्ण कुमार समेत कई शराब ठेकेदार मौजूद थे।


**अंबाला।** नंदीशाला के निर्माण को को लेकर विधिवत पूजा अर्चना करते पूर्व मंत्री असीम गोयल।

# डंगडेहरी में 5 करोड़ की लागत से बनेगी गौशाला: नंदीशाला

- पूर्व मंत्री असीम गोयल ने रखा नींव पत्थर, कहा सड़कों पर बेसहारा घूम रहे पशुओं को रखा जाएगा नंदीशाला में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर की जनता को राहत प्रदान करने के लिए नायब सरकार के पिटारे से एक और सौगात निकली है। पूर्व मंत्री असीम गोयल के प्रयासों से अब शहर में नई गौशाला और नंदीशाला बनने जा रही है। लगभग 5 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली गौशाला और नंदीशाला के निर्माण की शुरुआत वीरवार को पूर्व मंत्री असीम गोयल,डिप्टी मेयर राजेश मेहता,अलग अलग गौशालाओं की संस्थाओं,विभिन्न वार्डों के सदस्यों व गांव वासियों ने विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर की। बता दें कि इस गौशाला और नंदीशाला का निर्माण होने के बाद सड़कों पर घूमने वाले बेसहारा पशुओं की वजह से होने वाले हादसों पर भी रोक लगेगी। इस अवसर पर पूर्व मंत्री असीम गोयल ने कहा कि गौ,गौरी,गंगा,गायत्री और गांव में संस्कार बसते हैं। गौ माता के प्रति आमजन को भी अपने भाव में बदलाव लाना होगा। उन्होंने कहा कि एक तरफ ज्योतिष के बताने पर हम गौमाता को चारा खिलाते हैं। दूसरी तरफ जब गौमाता गली या घर के बाहर आ जाती है तो लाठी उठाते भी समय नहीं लगाते। गोयल ने कहा कि देशभर में गाय को माता मानने वाला समाज है। उन्होंने बताया कि जनता की यह बड़ी मांग थी जो अब पूर्ण होने जा रही है। गौशाला के साथ ही एक आकर्षक पार्क बनाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए गए हैं। गोयल ने बताया कि नायब सरकार प्रदेशवासियों को सहूलियत मुहैया करवाने के लिए संकल्पबद्ध है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर डिप्टी मेयर राजेश मेहता,पार्षद जसबीर सिंह,फकीर चंद,हितेश जैन,मंडल अध्यक्ष गुरविंदर सिंह मानकपुर, भाजपा नेता सुंदर ढींगरा,गुरप्रीत सिंह शाना,जय गोपाल,अनुभव अग्रवाल,नरेश अग्रवाल,नरेश छाबड़ा भी मौजूद रहे।

# जीवन में आगे बढ़ने के लिए युवाओं को लक्ष्य निर्धारित करना बेहद जरुरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



**बराड़ा।** कार्यक्रम मौजूद युवतियां व अन्य।

सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) द्वारा गांव केसरी में एनलाइट लाइफ ऑफ किड्स इन नीड कनाड़ा के सहयोग से संचालित निशुल्क डिजिटल ई-लर्निंग सेंटर में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें लड़कियों को निशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कैरियर काउंसलिंग प्रदान की गई। इस अवसर पर कार्यक्रम के दौरान ट्रस्ट की ओर से कहा कि युवाओं को अपने जीवन का एक लक्ष्य जरुर निर्धारित करना चाहिए कि हमें जीवन में क्या बनना है ताकि वह अपने लक्ष्य को हासिल कर सके। इस मौके पर वॉलंटियर राहुल धीमान ने लड़कियों को प्रेरित करते हुए कहा कि तकनीकी शिक्षा और कैरियर काउंसलिंग के माध्यम से वे अपने सपनों को हासिल कर सकती हैं। यह डिजिटल ई-लर्निंग सेंटर बालिकाओं को डिजिटल साक्षरता, बुनियादी कम्प्यूटर कौशल, और कैरियर योजना जैसे विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान करता है, ताकि वे आधुनिक तकनीकी युग में आत्मनिर्भर बन सकें।

# एनएसएस शिविर में डीएवी के छात्रों ने की हिस्सेदारी

- शिविर में आयोजित सभी गतिविधियों में हिस्सा लेकर दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



एनएसएस शिविर में हिस्सा लेने वाले छात्र।

अंबाला शहर के डीएवी पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल के 12 समर्पित एनएसएस स्वयंसेवकों की एक टीम ने हरियाणा शिक्षा विभाग द्वारा अंबाला कैंट के एसडी विद्या पब्लिक स्कूल में आयोजित राज्य स्तरीय एनएसएस शिविर में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

यह शिविर राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार तथा जिला एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक विजय कुमार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। स्कूल प्रिंसिपल डॉ. आरआर सूरी ने स्कूल के बच्चों को इस शिविर में भाग लेने के लिए प्रेरित किया तथा उनके लिए बस सुविधा भी प्रदान की।

शिविर की शुरुआत लक्ष्य गान के गायन के साथ हुई जिसके बाद एक जीवंत स्वागत नृत्य हुआ। पूरे सप्ताह तक चले शिविर के दौरान, छात्रों ने जागरूकता, आत्मविश्वास और नागरिक जिम्मेदारी का निर्माण करने के लिए डिज़ाइन की गई कई गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया। प्रमुख कार्यक्रमों में वाद-विवाद और भाषण प्रतियोगिताएं, एकल और समूह नृत्य प्रदर्शन, सड़क सुरक्षा, आत्मरक्षा, प्राथमिक चिकित्सा पर सत्र और 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' पर एक रैली शामिल थी। इन गतिविधियों ने न केवल छात्रों के ज्ञान और कौशल को बढ़ाया बल्कि उन्हें सेवा, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी के एनएसएस मूल्यों से जुड़ने में भी मदद की।

# जूनियर नेशनल बॉक्सिंग में हरनूर ने जीता गोल्ड मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


**अंबाला।** हरनूर को बधाई देते प्रिंसिपल डॉ. विकास कोहली व अन्य।

अबाला शहर के पुलिस डीएवी स्कूल की छात्रा हरनूर कौर ने छठी जूनियर नैशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में कमाल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया । यह बॉक्सिंग प्रतियोगिता एनबीए रोहतक में आयोजित हुई । इस प्रतियोगिता में हरनूर ने 66 किलोग्राम भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीता हरनूर कौर ने तीसरे राउंड में हरियाणा की प्रिया को आरससी से हराया। हरनूर कौर ने 5 मुकाबलों में से 4 मुकाबले आरएससी से जीते। हरनूर कौर पहली ऐसी लड़की है जो भारतीय सेना की गर्ल्स कंपनी में चुनी गई। उसने इस चैंपियनशिप में सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड टीम का प्रतिनिधित्व किया। स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. विकास कोहली ने इस उपलब्धि के लिए हरनूर को व उसके पिता रणवीर सिंह व माता जैसमीन बेहगल को बधाई दी। प्रधानाचार्य ने हरनूर के बॉक्सिंग कोच संजय कुमार , अनिल बूरा को व स्कूल के स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट को भी इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दी।

## इद्रीश फाउंडेशन का अभियान फिर से प्रारंभ, समाज सेवा में आमजन की भागीदारी का किया प्रयोग

# अब एक गुल्लक के माध्यम से संवरेगी एक बच्चे की जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

बच्चों की शिक्षा को समर्थन देने की दिशा में काम कर रही प्रतिष्ठित संस्था इद्रीश फाउंडेशन ने अपनी अनूठी पहल 'गुल्लक ए शिक्षा' को एक नई ऊर्जा और सशक्त रूपरेखा के साथ दोबारा आरंभ किया है। इस अभियान का मूल उद्देश्य है एक गुल्लक के माध्यम से किसी एक बच्चे की स्कूल फीस, शिक्षा सामग्री और आवश्यक खर्चों को पूरा करना है। फाउंडेशन की संस्थापक नेहा परवीन द्वारा दो वर्ष पूर्व शुरू की गई इस पहल ने अब एक आंदोलन का रूप ले लिया है।


अभियान के तहत महिला को गुल्लक सौंपते हुए संस्था की पदाधिकारी।

### अभी तक 32 बच्चे फाउंडेशन द्वारा पूर्ण रूप से गोद लिए गए हैं

फाउंडेशन के इंटर्न्स और वालंटियर्स द्वारा हाथ से बनाए गए रंग-बिरंगे गुल्लकों को शहर के नागरिकों को अपनाने के लिए दिया जा रहा है। हर व्यक्ति, बच्चा, युवा, वृद्ध गुल्लक में प्रतिदिन थोड़ी राशि डाल सकता है। जब गुल्लक भर जाता है, तो उसे फाउंडेशन को वापस सौंपा जाता है। उसकी राशि का उपयोग बच्चों की फीस, कॉपी-किताबों, यूनिफॉर्म और ईवनिंग क्लास के खर्चों में किया जाता है। अभी तक 32 बच्चे फाउंडेशन द्वारा पूर्ण रूप से गोद लिए गए हैं। 300 से अधिक बच्चे रोज़ाना ईवनिंग क्लास में पढ़ाई कर रहे हैं। इसका उद्देश्य यह है इस छोटी-छोटी गुल्लकों की सहायता से 100 से अधिक बच्चों तक शिक्षा पहुंचाना है। एरिया इंचार्ज नीलिमा ने बताया कि हम सब मदद करना चाहते हैं लेकिन सोचते हैं कि पैसे नहीं हैं तो क्या करें। अब मात्र 10 रुपये प्रतिदिन बचाकर भी हम एक बच्चे की फीस में सहयोग कर सकते हैं। गुल्लक एक रास्ता है छोटे क़दम से बड़ा बदलाव लाने का। इस मौके पर संस्था के सभी इंटर्न्स और वालंटियर्स ने संकल्प लिया कि जब तक अंबाला का हर बच्चा शिक्षित न हो जाए वे इस अभियान से जुड़े रहेंगे। फाउंडेशन ने लोगों से अपील की है कि एक गुल्लक अपनाएं और किसी एक बच्चे की स्कूल यात्रा का सहारा बनें। यह समाज सेवा की सबसे सरल लेकिन सशक्त शुरुआत हो सकती है।